# नगर परिषद मण्डी जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2010 से 03/2013

## भाग एक

1 (क) प्रारम्भिकः—

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1—376/81—फिन(एल0ए0)खण्ड—IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद मण्डी, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**नगर परिषद मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के दौरान प्रधान व कार्यकारी अधिकारी के पद पर निम्न पदाधिकारी कार्यरत्त रहेः—**

प्रधान :—

| क्रमांक | अवधि | नाम |
|---|---|---|
| 1 | 1.4.2010 से 20.1.2011 | श्री हेमन्त राज वैद्य |
| 2 | 21.1.2011 से 31.3.2013 | श्रीमती सुशीला सौखंला |

कार्यकारी अधिकारीः—

| क्र0सं0 | अवधि | कार्यकारी अधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 1.4.10 से 12.4.2011 | श्री पी0सी0 शर्मा |
| 2 | 26.4.2010 से 05.04.2011 | श्रीमती उर्वशी वालिया (अतिरिक्त कार्यभार) |
| 3 | 06.04.2011 से 29.4.2011 | श्री गोकल चन्द शर्मा (—यथोपरि—) |
| 4 | 03.5.2011 से 15.6.2011 | श्री प्रकाश चन्द आजाद (—यथोपरि— |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 16.6.2011 से 16.2.2013 | श्रीमती उर्वशी वालिया |
| 6 | 02.3.2013 से 19.3.2013 | श्री संजय कुमार (अतिरिक्त कार्यभार) |
| 7 | 20.3.2013 से 31.3.2013 | श्री के0आर0 ठाकुर |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

नगर परिषद मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के दौरान अंकेक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| **क्रम संख्या** | **गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार** | **पैरा संख्या** | **राशि ₹लाखों में** |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थापना पर अनाधिकृत व्यय | 4 | 379.31 |
| 2 | गृहकर की बकाया राशि वसूली शेष | 7 | 246.68 |
| 3 | गृहकर की दरों में बढ़ौतरी न करने के कारण वित्तीय हानि | 7 (क) | 45 |
| 4 | दिनांक 31.3.2013 को दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली हेतु शेष | 8 | 31 |
| 5 | दुकानों के किराये इकरारनामों की शर्तों के अनुसार वसूली न करने के कारण परिषद को वित्तीय हानि | 8 (क) | 15 |
| 6 | मोबाईल टावरों की स्थापना एवं नवीनीकरण फीस की वसूली न करना | 10 | 9 |
| 7 | व्यवसायिक कर की बकाया राशि की वसूली न करना | 9 | 1.35 |
| 8 | सिनेमा घरों से फिल्म प्रदर्शन शुल्क की वसूली न करना | 11 | 1.67 |
| 9 | गलत वेतन निर्धारण के कारण कर्मचारियों को अधिक भुगतान | (13 क, 14क, 14ख, ग, घ, 15) | 2.23 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | पैन्शन की राशि का अधिक भुगतान | 16 | 0.06 |
| 11 | सी0पी0एफ0 से अग्रिम राशि की वसूली न करना | 17 | .20 |
| 12 | निमार्ण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना | 21 | 80.33 |
| 13 | अनुदान राशियों का अनियमित भुगतान | 21 (क) | 200.00 |
| 14 | निमार्ण कार्य पर संविदाकार को अनुचित/अधिक भुगतान | 22 (क से घ) | .61 |

(ग) **गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण के परिशिष्ट "I" पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जो अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करें व अनुपालना से यथासमय इस विभाग को अवगत करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग दो

2 **वर्तमान अंकेक्षण :–**

नगर परिषद मण्डी जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश के अवधि 4/10 से 3/13 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिए गए हैं, श्री तारा चन्द महन्त, (सहायक नियन्त्रक लेखा परीक्षा) तथा श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनांक 20.6.2013 से 19.10.2013 तक के दौरान नगर परिषद मण्डी में किया गया। आय के लिए माह 12/10, 7/11, व 9/12 तथा व्यय के लिए माह 5/10, 10/11 व 9/12 के लेखाओं की विस्तार से जाँच पड़ताल की गई।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं वित्तीय स्थिति परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं व अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किए गए हैं। परिषद द्वारा प्रदान की गई किसी गलत सूचना एवं सूचना

प्रदान न करने पर स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विभाग का उत्तरदायित्व जाँच हेतू उपरोक्त उल्लेखित मासों तक ही सीमित है।

## (क) वित्तीय स्थितिः–

नगर परिषद मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के दौरान की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रही हैः–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | अपने स्त्रोतों से आय | ब्याज | अनुदान से प्राप्त राशि | कुल जमा राशि | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010–2011 | 29554506.62 | 14039415 | 996774 | 39051347 | 83642042.62 | 60242371 | 23399671.62 |
| 2011–2012 | 23399671.62 | 17574243.60 | 934468 | 40841878 | 82750261.22 | 56291332 | 26458929.22 |
| 2012–2013 | 26458929.22 | 24494087 | 916918 | 37319400 | 89189334.22 | 74100789 | 15088545.22 |

**दिनांक 31.3.2013 को अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से हैः–**

| | |
|---|---|
| 31.3.2013 को रोकड़ वही का अन्तशेष | 15088545.22 |
| 31.3.2013 को विभिन्न बैंकों का अन्तशेष | 15030121.22 |
| अन्तर राशि | 58424.00 |
| देरी से जमा राशि (आय) | 58424.00 |

**दिनांक 31.3.2013 को देरी से जमा राशि का विवरण निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0सं0 | चैक नं0 | राशि |
|---|---|---|
| 1 | 532171 | 4456 |
| 2 | 050080 | 12358 |
| 3 | 050081 | 3410 |
| 4 | 862588 | 4850 |
| 5 | 862589 | 4850 |
| 6 | 615350 | 10000 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 121181 | 9250 |
| 8 | 121182 | 9250 |
| | | 58424 |

**नगर परिषद के विभिन्न बैंक खातों में दिनांक 31.3.2013 को अन्तशेष निम्न प्रकार से हैः–**

| **क्र0सं0** | **बैंक का नाम** | **खाता सं0** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रेजरी में अन्तशेष | – | 830539.00 |
| 2 | भारतीय स्टेट बैंक में शेष | 30234705751 | 2153874.50 |
| 3 | पंजाब नैंशनल बैंक में शेष | 0104142254 | 521737.65 |
| 4 | पंजाब नैंशनल बैंक में शेष | 0104231585 | 386666.00 |
| 5 | पंजाब नैंशनल बैंक में अन्तशेष | 01000932989 | 358003.00 |
| 6 | कैनरा बैंक में अन्तशेष | 0266 | 13347.80 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक | 3170106022 | 1825661.00 |
| 8 | –यथोपरि– | 3170118313 | 1188823.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक | 3170117072 | 802778.00 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक | 31710122877 | 115623.00 |
| 11 | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 55079131025 | 2417682.10 |
| 12 | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 55079130804 | 1531771.67 |
| 13 | बैंक ऑफ इण्डिया | 6102 | 106599.50 |
| 14 | आई0डी0बी0आई0 बैंक में शेष | 4000001281 | 1445664.00 |
| 15 | यूको बैंक में शेष | 110008409 | 84065.00 |
| 16 | इण्डियन बैंक में शेष | 897425239 | 1237892.00 |
| 17 | अरबन बैंक में शेष | 2794 | 2394.00 |
| 18 | श्री विक्रम जीत लिपिक के पास अग्रिम | – | 7000.00 |
| | | **जोड़ कुल राशि** | **₹15030121.22** |

**(ख) अनुदानों की वित्तीय स्थितिः–**

नगर परिषद मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के दौरान अनुदानों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है। नगर परिषद मण्डी को विभिन्न संस्थाओं, सरकार, शहरी विकास विभाग से प्राप्त अनुदान का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (II) में दिया गया है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | अनुदान से प्राप्त राशि | कुल जमा राशि | व्यय | अन्त राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2010–2011 | 8631618 | 39051347 | 47682965 | 41136895 | 6546070 |
| 2011–2012 | 6546070 | 40841878 | 47387948 | 37631878 | 9756070 |
| 2012–2013 | 9756070 | 37319400 | 47075470 | 36114668 | 10960802 |

**(ग) निवेशः–**

अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 के दौरान दिनांक 31.3.2013 तक नगर परिषद मण्डी द्वारा किसी भी प्रकार का निवेश नहीं किया गया है।

**3 लेखा परीक्षा शुल्कः–**

नगर परिषद मण्डी के लेखाओं अवधि 4/2010 से 3/2013 तक का अंकेक्षण शुल्क ₹92,000/– बनता हैं। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद मण्डी को सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अधियाचना संख्याः ए0सी0 ऑडिट कैम्प मण्डी–278, दिनांक 17.10.2013 के द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को भेजनें का अनुरोध किया गया।

**4 संस्थापना पर अनाधिकृत रूप से ₹379.31 लाख का अधिक व्ययः–**

हिमाचल प्रदेश म्यूनीसिपल एक्ट 1994 के नियम 53 (1) में दिये गये दिशा निर्देशो तथा निदेशक शहरी विकास के कार्यालय पत्र संख्या यू0एल0बी0–एच(ए) 1/87/9237–84

दिनांक 20.6.2001 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप नगर परिषदों में संस्थापना पर कुल व्यय का 1/3 भाग व्यय करने हेतु सीमित (restrict) किया गया था परन्तु नगर परिषद मण्डी द्वारा उपरोक्त व्यय को निर्धारित सीमा से निम्नानुसार ₹379.31 लाख अधिक व्यय किया गया है।

| **वर्ष** | **कुल व्यय** | **अपेक्षित 1/3rd स्थापना व्यय** | **वास्तविक स्थापना व्यय** | **निर्धारित सीमा से अधिक व्यय की राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 2010–11 | 602.42 लाख | 200.80 | 266.12 | 65.32 |
| 2011–12 | 562.91 | 187.63 | 382.32 | 194.69 |
| 2012–13 | 741.00 | 247.00 | 366.30 | 119.30 |
| | निर्धारित सीमा से अधिक व्यय की राशि | | | 379.31 |

अतः अधिक व्यय की राशि का सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके नियमितिकरण करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

5 **सरकारी अनुदानः–**

**₹10960802.00 अनुदानों की राशि का उपयोग न करनाः–**

विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त राशि में से ₹10960802.00 दिनांक 31.3.2013 को अनुपयुक्त पड़ी थी जिसका विस्तृत विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (III) में दर्शाया गया है। उपरोक्त परिशिष्ट के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु गत वर्षों से प्राप्त की गई अनुदान राशियों का उपयोग नगर परिषद द्वारा 31.3.2013 तक नहीं किया गया है। इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। अतः अनुदान पत्रों में विद्यमान प्रावधानों के अनुसार अनुपयुक्त शेष राशि को शीध्र ही सरकार को वापिस भेजा जाये अन्यथा उनका उपयोग सरकार से पूर्व कार्योत्तर एवं समय बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त जाना सुनिश्चित करें।

6 **₹539.00 प्राप्त आय को जमा न करनाः–**

अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के चयनित मासों की रसीदों से प्राप्त आय की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्नलिखित रसीदों से प्राप्त आय को रोकड़ वही

में दर्ज नहीं किया गया परिणामस्वरूप परिषद निधि में जमा नहीं किया गया यह अनियमित है जिसे अब अभिलम्ब परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | माह/वर्ष | दिनांक | रसीद सं0 | दर्ज करने योग्य राशि | दर्ज राशि | अन्तर/कम दर्ज राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7/2011 | 13.7.2011 | 37421/375 से 37436/375 | 13366 | 13346 | 20 |
| 2 | 9/2012 | 6.9.2012 | 48055/481 | 50 | – | 50 |
| 3 | 9/2012 | 7.9.2012 | 48133 से 48137 48156, 48161 से 48163/482 तथा 47369/479 | 25900 | 25841 | 59 |
| 4 | 9/2012 | 26.9.2012 | 672/497 से 680/497 | 410 | – | 410 |
| | | | | | **कुल योग राशि** | **₹539** |

## (क) तहबाजारी से प्राप्त राशि ₹265.00 को रोकड़ वही में दर्ज न करनाः–

अवधि 4/10 से 3/13 तक के तहबाजारी अभिलेख की जांच करने पर पाया गया कि ₹265.00 को रोकड़ वही में दर्ज नहीं किया गया जिसका विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (iv) में दिया गया है जिसे रोकड़ वही में तुरन्त दर्ज करके परिषद कोष में जमा करवाना सुनिश्चित करें, तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति न हो, इसके लिए प्रभावी कदम उठायें। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवायें।

## (ख) स्लाटर हाऊस से ₹120.00 की कम वसूलीः–

अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक स्लाटर हाऊस से सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि निम्नविवरणानुसार ₹120.00 राशि की विभिन्न मीट विक्रेताओं से

कम वसूली की गई इसका औचित्य स्पष्ट करें, तथा इस राशि को उचित स्त्रोत से तुरन्त वसूली करके नगर परिषद निधि में जमा करवाना सुनिश्चित करें। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाये।

| क्र0सं0 | कूपन सं0 | दिनांक | नाम | विवरण | राशि जो वसूल की गई | राशि जो वसूल की जानी थी | अन्तर राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3359 / 34 | 2.12.2010 | प्रेम सिंह | बकरी 3 नग | 40 (बकरी 2 नग) | 20X3=60 | 20 |
| 2 | 3439 / 35 तथा 3443 / 35 | 22.12.2010 | विजय कुमार | बकरी 2 नग सुअर 1 नग | 20X2=40 | 20X3=60 | 20 |
| 3 | 4533 / 46 | 31.7.2011 | इन्द्रदेव | बकरी 2 नग | 20X1=20 | 20X2=40 | 20 |
| 4 | रजिस्टर पेज नं0 39 | 31.7.2011 | काकू | बकरा नग (2) | — | 20X2=40 | 40 |
| 5 | रजिस्टर पेज नं0 49 | 1.8.2011 | राकेश कुमार | बकरी 1 नग | — | 20X1=20 | 20 |
| | | | | | | **कुल राशि** | **₹120** |

## (ग) <u>नगर परिषद द्वारा विवाह प्रमाण पत्र हेतु पंजीकरण शुल्क की राशि ₹430/— की वसूली न करनाः—</u>

अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक विवाह प्रमाण पत्र से सम्बन्धित अभिलेख की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा विवाह प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पंजीकरण शुल्क ₹430.00 की वसूली नहीं की गई है। इस राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (V) में दिया गया है। परिषद द्वारा पंजीकरण शुल्क की वसूली न करने

का औचित्य स्पष्ट करें, इस राशि की पूर्ण वसूली उचित स्त्रोत से करके परिषद निधि में जमा करवाना सुनिश्चित करें, तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति न हो। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाये। अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

**(घ) भवन निर्माण शुल्क की राशि ₹282/– की कम वसूली करनाः–**

भवन निर्माण शुल्क के अभिलेख की छानबीन करने पर पाया गया कि निम्नविवरणानुसार भवन निर्माण शुल्क के रूप में ₹282/– की भवन मालिकों से निर्धारित दर से कम दर वसूल की गई थी जिसे अब वसूल कर परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | नाम | भवन आवासीय/ व्यवसायिक | भवन का क्षेत्रफल | भवन निर्माण शुल्क जो परिषद ने वसूल किया | वास्तव में जो शुल्क लिया जाना था | अन्तर राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री राम चंद मण्डी | आवासीय | 189.75m3 | 192 | 189.75X2.50=474.00 | 282 |
| | | | | | **राशि** | **₹282** |

**(ङ) नगर परिषद मण्डी द्वारा रसीदों को रदद करने पर कार्यकारी अधिकारी से सत्यापित न करवाने बारेः–**

अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक रोकड़ वही में दर्ज आय की रसीदों की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्नविवरणानुसार परिषद द्वारा रसीदों को रदद किया गया। इन रसीदों को रदद करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया और न ही इन रसीदों को रदद करने के उपरान्त कार्यकारी अधिकारी द्वारा सत्यापित करवाया गया। इसका औचित्य स्पष्ट करें तथा इन रसीदों को कार्यकारी अधिकारी से सत्यापित करवाये। भविष्य में रसीद रदद होने के कारण व सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें। अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

| क्र0सं0 | माह / वर्ष | दिनांक | रसीद नं0 | रसीद विवरण | राशि (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 / 2010 | – | 31237 / 313 | दर्शाया नहीं गया | – | रदद की गई रसीद कार्यकारी अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं की गई |
| 2 | 12 / 2010 | – | 32456 / 325 | कांपिंग फीस | 300 | –यथोपरि– |
| 3 | 1 / 2011 | 29.1.2011 | 33042 / 331 | अनुदान राशि | 1100000 | –यथोपरि– |
| 4 | 6 / 2011 | 2.6.2011 | 35942 / 360 | किराया | 936 | –यथोपरि– |
| 5 | 6 / 2011 | 2.6.2011 | 35943 / 360 | किराया | 1200 | –यथोपरि– |
| 6 | – | – | 35944 / 360 | – | – | –यथोपरि– |
| 7 | 7 / 2011 | 26.7.2011 | 37155 / 372 | गृहकर | 6113 | –यथोपरि– |
| 8 | 7 / 2011 | 13.7.2011 | 37440 / 375 | गृहकर | 2621 | –यथोपरि– |
| 9 | 8 / 2011 | – | 37911 / 380 | गृहकर | 3757 | –यथोपरि– |
| 10 | 9 / 2011 | 26.9.2011 | 37955 / 380 | गृहकर | 38556 | –यथोपरि– |
| 11 | 10 / 2011 | 17.10.2011 | 30576 / 306 | गृहकर | 3396 | –यथोपरि– |
| 12 | 1 / 2012 | 13.1.2012 | 42037 / 421 | मानदेय सम्बन्धी | 900 | –यथोपरि– |
| 13 | 7 / 2012 | 2.7.2012 | 46011 / 461 | विज्ञापन शुल्क | 2000 | –यथोपरि– |
| 14 | 7 / 2012 | 5.7.2012 | 46016 / 461 | सूचना का अधिकारी | 6 | –यथोपरि– |
| 15 | – | – | 44866 / 449 | – | – | –यथोपरि– |
| 16 | – | – | 35610 / 357 | – | – | –यथोपरि– |
| 17 | 9 / 2012 | 1.9.2012 | 46661 / 467 | गृहकर | 2735 | –यथोपरि– |
| 18 | 9 / 2012 | 10.9.2012 | 48166 / 482 | गृहकर | 4735 | –यथोपरि– |
| 19 | 9 / 2012 | 20.9.2012 | 48855 / 489 | गृहकर | 10809 | –यथोपरि– |
| 20 | 10 / 2012 | 26.10.2012 | 50640 / 507 | टाऊन प्लाईनिंग फीस | 570 | –यथोपरि– |
| 21 | 12 / 2012 | – | 47384 / 474 | अग्रिम भुगतान | 400 | –यथोपरि– |

**(च) अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 8/2010 तक विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय की रसीदें उपलब्ध न करवानाः—**

अवधि 4/2010 से 8/2010 तक परिषद के विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय की जांच पड़ताल रोकड़ वही में दर्ज आय की रसीदों से नहीं की जा सकी, क्योंकि इस अवधि का पूरा रिकार्ड नगर परिषद द्वारा उप–पुलिस अधीक्षक, रा0स0 एवम भृष्टाचार रो0 ब्यूरो (विजीलैन्स) मण्डी, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश को आवश्यक जॉच हेतु भिजवाया गया है। अतः इस अवधि से सम्बन्धित सम्पूर्ण अभिलेख आगामी अंकेक्षण में आवश्यक सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**7 गृहकर की बकाया राशि ₹2.46 करोड़ की वसूली शेषः—**

दिनांक 31.3.2013 तक गृहकरदाताओं से ₹24668407/— की वसूली की जानी अपेक्षित थी। इस राशि का पूर्ण विवरण परिशिष्ट (vi) में दिया गया है। नगर परिषद मण्डी द्वारा गृहकर की बकाया राशि ₹24668407/— की वसूली करने के लिए कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई जोकि चिन्ता का विषय है। गृहकर की नियमित रूप से वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा बकाया राशि की वसूली हेतु शीध्र अतिशीध्र नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये ताकि परिषद के विकास कार्य को सुचारू रूप से किए जा सके।

**(क) गृहकर की दरों में बढ़ौतरी न करने के कारण परिषद को ₹4599810/— की वित्तीय हानिः—**

नगर परिषद मण्डी द्वारा अपने सीमा क्षेत्र से गृहकर की वर्ष 2010—2011 से 2012—2013 तक 10% की दर से वसूली की जा रही थी जबकि सरकार के पत्र संख्या यू0डी0एच0सी0 (10)—2/2002 दिनांक 24.9.2003 द्वारा नगर परिषद से 12.5% की दर से गृहकर लिया जाना निर्धारित किया था लेकिन नगर परिषद मण्डी द्वारा 10% की दर से गृहकर लिया गया था जिस कारण नगर परिषद को गृहकर के रूप में परिषद को ₹4599810/— की वित्तीय हानि हुई है। इस राशि का विवरण संलग्न परिशिष्ट (vii) में दिया

गया है। अतः नगर परिषद सरकार द्वारा निर्धारित गृहकर की दर से गृहकर का अधिरोपण न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये सरकारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित किया जाए अनुपालना से अंकेक्षण के अवगत करवाया जाए।

**8 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹31.76 लाख की वसूली शेषः–**

रैन्ट मांग व संग्रह रजिस्टरों के अवलोकन पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.3.2013 को दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹3176386/–की वसूली करनी शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (viii) में दर्शाया गया है। परिषद द्वारा मासिक किराये की राशि की नियमित रूप से प्राप्त करने हेतु कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः मासिक किराये की राशि नियमित रूप से प्राप्त नहीं किये जाने बारे स्थिति स्प्ष्ट की जाए तथा बकाया राशि की वसूली हेतु शीध्र अतिशीध्र नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये।

**(क) दुकानों के किराये इकरारनामों की शर्तों के अनुरूप बढ़ौतरी न करने के कारण परिषद को ₹15.10 लाख की वित्तीय हानिः–**

नगर परिषद मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2010 से 3/2013 तक के दौरान किराया मांग व संग्रह रजिस्टर व दुकानों के किराये के इकरारनामों की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा शंकन गार्डन स्थित दुकानों के किराये में इकरारनामों की शर्तों के अनुसार बढ़ौतरी न करने के फलस्वरूप ₹1510740/– की कम वसूली की गई। इस राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (ix) में दिया गया है। दुकानों के किराये में इकरारमानों की शर्तों के अनुसार बढ़ौतरी न करने का औचित्य स्पष्ट करें। अतः ऐसे सभी मामलों में इकरारनामों की शर्तों के अनुसार किराया वसूली सुनिश्चित की जाये। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9 व्यवसायिक कर की बकाया राशि ₹1.35 लाख की वसूली शेषः–**

व्यवसायिक कर से सम्बन्धित अभिलेख की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद मण्डी द्वारा दिनांक 31.3.2013 तक व्यवसायिक कर की बकाया राशि ₹134530/– की वसूली

करनी शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (x) में दर्शाया गया है। व्यवसायिक कर की वसूली हेतु विशेष प्रयास किए जाये। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

10 **मोबाईल टावरों की स्थापना एवं नवीनीकरण शुल्क ₹8.90 लाख की वसूली न करनाः—**

मोबाईल टावरों से सम्बन्धित अभिलेख की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न कम्पनियों द्वारा रिहाईसी एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवनों में मोबाईल टावर स्थापित किये गये है जिनका ब्यौरा परिशिष्ट (ix) में दिया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या DIT-DEV(IT) 2005(MISC) दिनांक 20.8.2006 द्वारा निर्धारित स्थापना एवं नवीनीकरण फीस की बकाया राशि ₹890000.00 को विभिन्न कम्पनियों से वसूल करने के उपरान्त नगर परिषद कोष में जमा करवाया जाये। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

11 **सिनेमा व वीडियों घरों से फिल्म प्रदर्शन टैक्स (Show Tax) से बकाया राशि ₹1.67 लाख की वसूली शेषः—**

सिनेमा कर के मांग व संग्रह अभिलेख की जांच करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा दिनांक 31.3.2013 को ₹167800/— बतौर प्रदर्शन कर की वसूली करनी शेष है जिसका विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (xii) में दिया गया है। नगर परिषद मण्डी द्वारा वर्ष 2012—2013 में विभिन्न सिनेमा घरों व वीडियों घरों से प्रदर्शन टैक्स के रूप में नियमानुसार कोई भी राशि की वसूली नहीं की है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा बकाया राशि की वसूली हेतु शीध्र अतिशीध्र नियमानुसार कार्यवही अमल में लाई जाये।

12 **नगर परिषद द्वारा आय की रसीदों को रोकड़ वही में दर्ज न करने बारेः—**

रोकड़ वही की जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार परिषद द्वारा आय की रसीदों को रोकड़ वही में दर्ज नहीं किया गया। नगर पालिका लेखा संहिता 1975 की धारा 19 (i) के अनुसार आय की रसीदों से प्राप्त राशि को रोकड़ वही (फार्म जी—2)

कार्यकारी अधिकारी अथवा सचिव के पर्यवेक्षण में सीधे लेखाकिंत किया जाना अपेक्षित है। रोकड वही में इन रसीदों को दर्ज न करने के बारे में अंकेक्षण के दौरान चर्चा में बताया गया कि इन रसीदों को आवश्यक जॉच हेतु उप–पुलिस अधीक्षक, रा0स0 एवम भृष्टाचार रो0 ब्यूरो (विजिलैन्स) मण्डी जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश भिजवाया गया है। अतः रोकड़ वही में इन रसीदों को दर्ज न करने का औचित्य स्पष्ट करें, तथा इन रसीदों को रोकड़ वही में दर्ज करके प्राप्त राशि को परिषद कोष में जमा करवाकर आगामी अंकेक्षण में आवश्यक सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | दिनांक | रोकड़ वही में दर्ज न होने वाली रसीदों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 8.4.2010 | 27301 से 27309 / 274 |
| 2 | 8.4.2010 | 27321 / 274 |
| 3 | 8.4.2010 | 27325 / 274 |
| 4 | 30.4.2010 | 27356 से 273377 / 274 |
| 5 | 30.4.2010 | 27379 से 27400 / 274 |
| 6 | 30.4.2010 | 27401 से 27419 / 275 |
| 7 | 30.4.2010 | 27435 / 275 |
| 8 | 6.7.2010 | 27511 से 27563 / 276 |
| 9 | 6.7.2010 | 27565 से 27581 / 276 |
| 10 | 6.7.2010 | 27584 से 27597 / 276 |
| 11 | 6.7.2010 | 27599 / 276 |
| 12 | 6.7.2010 | 27626 से 27695 / 277 |
| 13 | 6.7.2010 | 27699 / 277 |
| 14 | 6.8.2010 | 28028 से 28039 / 281 |
| 15 | 6.8.2010 | 28041 से 28052 / 281 |
| 16 | 6.8.2010 | 28053 से 28095 / 281 |
| 17 | 6.8.2010 | 28097 / 281 |
| 18 | 6.8.2010 | 28100 / 281 |

13 **(क) सुनिश्चित जीविका प्रगतिशील योजना के अन्तर्गत श्रीमती लीला देवी सफाई कर्मचारी को ₹16562/–का अनुचित भुगतानः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग (वेतन परिशोधन विभाग) के पत्र संख्या फिन–(पी0आर0) बी (7)–1/98 दिनांक 31.8.2009 के पैरा संख्या 4 में दिये गये दिशा निर्देशों के विपरीत श्रीमती लीला देवी सफाई कर्मचारी जिन्होंनें दिनांक 27.8.1993 को सफाई कर्मचारी के पद पर कार्य ग्रहण किया है, संशोधित वेतनमानों में दिनांक 1.8.2009 को (16 वर्षों का सेवाकाल जो 27.8.2009 को होना था) सुनिश्चित जीविका प्रगितिशील योजना के अन्तर्गत एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि का निम्नानुसार लाभ प्रदान किया गया जो उपरोक्त पत्र के पैरा 4 में दिये गये दिशा निर्देशों के फलस्वरूप संशोधित वेतनमानों में दिनांक 27.8.2009 से भी देय नहीं था। अतः उक्त कर्मचारी को ₹16562/– का अनुचित भुगतान किया गया विस्तृत विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (xiii) में दिया गया है जिस बारे पुनः जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अधिक किये गए भुगतान की वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(ख) श्रीमती भीखा देवी सेवादार के नई सुनिश्चित जीविका प्रगतिशील योजना के अन्तर्गत 4–9–14 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने उपरान्त ₹3387 का अधिक भुगतानः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग (वेतन परिशोधन अनुभाग) पत्र संख्या फिन(पीआर)बी(7)–59/2010 दिनांक 09.8.2012 के अन्तर्गत दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप श्रीमती भीखी देवी सेवादार का वेतन निर्धारण 24 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने व पूर्ण संशोधित वेतन में एक उच्च ग्रेड तथा तीन वेतन वृद्धि प्राप्त करने के उपरान्त नई सुनिश्चित जीविका प्रगतिशील योजना के अन्तर्गत एक ही पद पर रहने के फलस्वरूप निम्नानुसार दो उच्च ग्रेड प्रदान करने पर वेतन निर्धारित किया जाना अपेक्षित था।

| | |
|---|---|
| दिनांक 26.8.2009 को वेतन 9730+340+1400 | 11470 |
| दिनांक 27.8.09 को दो उच्च ग्रेड बिना वार्षिक वेतन वृद्धि उपरान्त वेतन | 10070+1650–1st Higher Grade Pay |
| | 10070+1900–IInd Higher Grade Pay |

अतः 27.8.2009 को देय वेतन 10070+1900 अगली वेतन वृद्धि 1.1.10

| | देय वेतन | आहरित वेतन |
|---|---|---|
| 1.1.10 | 10070+360+1900=12330 | |
| 1.1.11 | 10430+370+1900=12700 | |
| 1.1.12 | 10800+390+1900=13090 | |
| 1.8.12 | 11190+400+1900=13490 | |
| 1.10.12 | 11190+400+1900=13490 | 11610+410+1800=13820 |
| 1.1.13 | 11590+410+1900=13900 | 12020+420+1800=14240 |

परन्तु उपरोक्त कर्मचारी को माह 1.10.12 से गलत निर्धारण के फलस्वरूप ₹3387.00 की राशि का अनुचित भुगतान किया गया जिसका विस्तृत विवरण संलग्न परिशिष्ट (xiv) में दिया गया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये व अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली की जाना सुनिश्चित की जाए।

**14 दिनांक 1.1.2006 से वेतन संशोधित होने के फलस्वरूप गलत ग्रेड वेतन प्रदान करने के कारण ₹195160/– का अनियमित भुगतानः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग (वेतन परिशोधन अनुभाग) की अधिसूचना संख्या फिन (पी आर) बी (7)–1/2009 दिनांक 26.8.2009 में दिये गये दिशा निर्देशों के विपरीत निम्नानुसार कर्मचारियों को गलत ग्रेड वेतन प्रदान करने के कारण अवधि 1.1.06 से ₹196160/– का अनियमित भुगतान किया गया है। अतः इस सन्दर्भ में अभिलेखों की पुनः अवलोकन/जांच करते हुये अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की वसूली सुनिश्चित की जाए। विस्तृत विवरण परिशिष्ट xv क, ख पर दिया गया है।

**(क)** श्रीमती सुनिता कुमारी लिपिक अवधि 31.12.2005 को पूर्ण संशोधित वेतनमान व वेतन 3120–100–3220–110–3660–120–4260–140–4400–150–5000–160–5160–4020

Applicable Pay band-PB-2

Fitment Table-4

| माह | देय वेतन<br>**Due** | आहरित वेतन<br>**Drawn** |
|---|---|---|
| 1.1.06 | 7480+290=7770+1900=9670 | 7480+300=7780+2400=10180 |
| 1.1.06 ACP | 7770+300=8070+1950=10020 | 7780+310=8090+2400=10490 |
| 1.1.07 | 8070+300=8370+1950=10320 | 8090+320=8410+2400=10810 |
| 1.1.08 | 8370+310=8680+1950=10630 | 8410+330=8740+2400=11140 |
| 1.1.09 | 8680+320=9000+1950=10950 | 8740+340=9080+2400=11480 |
| 1.1.10 | 9000+330=9330+1950=11280 | 9080+350=9430+2400=11830 |
| 1.1.11 | 9330+340=9670+1950=11620 | 9430+360=9790+2400=12190 |
| 1.1.12 | 9670+350=10020+1950=11970 | 9790+370=10160+2400=12560 |

उपरोक्त वर्णनानुसार कर्मचारी को अधिक ग्रेड वेतन प्रदान करने पर अवधि 1.1.06 से 31.3.2012 तक ₹49650.00 अधिक भुगतान किया गया है।

**(ख)** श्री ओम प्रकाश लिपिक अवधि 31.12.2005 के पूर्व संशोधित वेतनमान का वेतन 3120–100–3220–110–3660–120–4260–140–4400–150–5000–160–5800–200–6200 वेतन 5000

**Applicable Fitment Table -5**

| माह | देय वेतन<br>**Due** | आहरित वेतन<br>**Drawn** |
|---|---|---|
| 1.1.06 | BP+incre=Total+GP | |
| | 9300+300=9300+1950=11250 | 900=9300+2400=11700 |
| 1.9.06 | 9300+340=9640+1950=17590 | 9300+360=9660+2400=12060 |
| 1.9.07 | 9640+350=9990+1950=11940 | 9660+370=10030+2400=12430 |
| 1.9.08 | 9990+360=10350+1950=12300 | 10030+380=10410+2400=12810 |
| ACP 1.9.08 | 10350+370=10700+1950=12670 | 10410+390=10800+2400=13200 |
| 1.9.09 | 10720+380=11100+1950=3050 | 10800+400=11200+2400=13600 |
| 1.9.10 | 11100+400=11500+1950=13450 | 11200+410=11610+2400=14010 |
| 1.9.11 | 11500+410=11910+1950=13860 | 11610+420=1203042400=14430 |

उपरोक्त वर्णनानुसार कर्मचारी को अधिक ग्रेड वेतन प्रदान करने पर अवधि 1.1.06 से 31.3.2012 तक ₹49041.00 का अधिक भुगतान किया गया है।

## (ग) श्री महेश कुमार लिपिकः–

अवधि 31.12.2005 को पूर्व संशोधित वेतनमान वेतन 3120–6200–5160

**Applicable Fitment Table -5**

| माह | देय वेतन<br>**Due** | आहरित वेतन<br>**Drawn** |
|---|---|---|
| 1.1.06 | BP+incre +GP=Total<br>9600=9600+1950=11550 | 9600=9600+2400=12000 |
| 1.2.06 | 9600+350=9950+1950=11900 | 9600+360=9960+2400=12360 |
| ACP 1.2.06 | 9950+360=10310+1950=12260 | 9960+380=10340+2400=12740 |
| 1.2.07 | 10310+370=10680+1950=12630 | 10340+390=10730+2400=13130 |
| 1.2.08 | 10680+380=11060+1950=13010 | 10730+400=11130+2400=13530 |
| 1.2.09 | 11060+390=11450+1950=13400 | 11130+410=11540+2400=13940 |
| 1.2.10 | 11450+410=11860+1950=13810 | 11540+420=11960+2400=14360 |
| 1.2.11 | 11860+420=12280+1950=14230 | 11960+430=12390+2400=14790 |
| 1.2.12 | 12280+430=12710+1950=14660 | 12390+450=12840+2400=15240 |

उपरोक्त वर्णनानुसार कर्मचारी को अधिक ग्रेड वेतन प्रदान करने पर अवधि 1.1.06 से 31.3.2012 तक ₹49796.00 का अधिक भुगतान किया गया है।

## (घ) श्री हेम चन्द गुलेरिया लिपिकः–

अवधि 31.12.2005 को पूर्व संशोधित वेतनमान वेतन 3120–6200

**PB-2**

**Applicable Fitment Table -5**

| माह | देय वेतन | आहरित वेतन |
|---|---|---|
| 1.1.06 | 9600+350=9950+1950=11900 | 9600+360=9960+2400=12360 |
| IInd ACP 1.2.06 | 9950+360=10310+1950=12260 | 9960=380=10340+2400=12740 |
| 1.1.07 | 10310+370=10680+1950=12630 | 10340+390=10730+2400=13130 |
| 1.1.08 | 10680+380=11060+1950=13010 | 10730+400=11130+2400=13530 |
| 1.1.09 | 11060+390=11450+1950=13400 | 11130+410=11540+2400=13940 |
| 1.1.10 | 11450+410=11860+1950=13810 | 11540+420=11960+2400=14360 |
| 1.1.11 | 11860+420=12280+1950=14210 | 11960+430=12390+2400=14790 |
| 1.1.12 | 12280+430=12710+1950=14660 | 12390+450=12840+2400=15240 |

उपरोक्त वर्णनानुसार कर्मचारी को अधिक ग्रेड वेतन प्रदान करने पर अवधि 1.1.06 से 31.3.2012 तक ₹49763.00 (उन्चास हजार सात सौ त्रैसठ रूपये मात्र) की राशि का अधिक भुगतान किया गया है।

**15 <u>वार्षिक वेतन वृद्धि की गलत गणना करने के कारण ₹4599/– का अधिक भुगतानः–</u>**

विशेष सचिव वित्त (वित्त पी0आर0) हिमाचल प्रदेश के कार्यालय ज्ञापन संख्या फिन (पी0आर0) बी(7)–1/2009–लूज–दिनांक 10.9.2009 में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप संशोधित वेतनमानों में वार्षिक वेतन वृद्धि की गणना करते समय दशमलव की राशि को मध्यनजर न रखते हुए अगर राशि एक रूपये या अधिक आती है तो कुल देय राशि अगली कुल के गुणांक में देय होगी। इसके विपरीत नगर परिषद द्वारा निम्नानुसार कर्मचारियों को ₹4599/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसका विस्तृत विवरण संलग्न परिशिष्ट XVI में दिया गया है जिसकी पुनः जांच करते हुये स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अधिक भुगतान की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से करके परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

(1) श्री अमर सिंह चौकीदार–3826

(2) श्रीमती शीतला सफाई कर्मचारी–773

अन्य कर्मचारियों को यदि इस प्रकार का अनियमित भुगतान किया गया है तो संस्था स्त्तर पर ऐसे मामलों की जॉच करके अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 16 पैन्शनरों को ₹5632/– का अनियमित भुगतान के फलस्वरूपः–

परिषद द्वारा अपने पैन्शन भोगियों को पैन्शन का गलत निर्धारण के फलस्वरूप अधिक भुगतान किया गया है तथा कुछ अवधि पश्चात गलत निर्धारित की गई पैन्शन का शुद्धिकरण कर दिया गया है परन्तु निम्नविवरणानुसार ₹5632/– अधिक भुगतान की गई पैन्शन की वसूली नहीं की गई है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की गई राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | कर्मचारी का नाम व पदनाम | देय पैन्शन व डी0ए0 | भुगतान की गई पैन्शन | अधिक भुगतान प्रतिमाह | अधिक भुगतान की अवधि व राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नागन चन्द लिपिक | 3771 | 3816 | 57 | 1/10 से 4/10 |
| | | 1018 | 1030 | | 57X4=228 |
| | | 4789 | 4846 | | |
| 2 | श्री कन्हईया लाल | 10180 | 10485 | 387 | 1/10 से 7/10 |
| | कनिष्ठ सहायक | 2749 | 2831 | | 7X387=2709 |
| | | 12929 | 13316 | | |
| 3 | श्री गौरी शंकर | 4985 | 5095 | 140 | 1/10 से 11/10 |
| | | 1346 | 1376 | | 140X11=1540 |
| | | 6331 | 6471 | | |
| 4 | श्रीमती नीकी देवी | 4985 | 5090 | 105 | 1/10 से 11/10 |
| | | – | – | | 105X11=1155 |
| | | | | **जोड़** | **5632** |

## 17 सी0पी0एफ0 अग्रिम ₹20,000/– की वसूली न करनाः–

श्रीमती मंथरा देवी बेलदार को कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद मण्डी के कार्यालय पत्र संख्या एम0सी0/एम0एन0डी0(पी)/फन्ड/2009–10/1805/07 दिनांक 15.7.2011 द्वारा उनके सी0पी0एफ0 से ₹20000.00 की राशि का अग्रिम स्वीकृत व भुगतान किया गया है जिसकी वसूली ₹1000.00 प्रतिमाह की दर से माह सितम्बर 2011 से की जानी अपेक्षित थी परन्तु उक्त अग्रिम राशि की वसूली अंकेक्षण समापन तक नहीं की गई। उक्त अग्रिम राशि की नियमानुसार वसूली न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये व नियमों के अन्तर्गत अग्रिम राशि की वसूली अभिलम्ब की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 18 अंशदायी प्रोवीडेन्ट फन्ड में ₹4228.00 का अनियमित भुगतानः–

श्री पप्पी सफाई कर्मचारी को माह 8 व 9/2011 के दौरान बिना वेतन पर (without pay) रहने के कारण किसी प्रकार के वेतन व भतों का भुगतान नहीं किया गया परन्तु उक्त कर्मचारी को उपरोक्त अवधि में अनियमित तरीके से पालिका निधि से कर्मचारी से सी0पी0एफ0 में मूल वेतन व डी0ए0 की राशि का दस प्रतिशत तथा कमेटी का निम्नानुसार अंशदान का भुगतान किया गया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त राशि वसूल करके परिषद निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

| माह | मूल वेतन व डी0ए0 | कर्मचारी का अपना अंशदान | परिषद का अंशदान | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 8/2011 | बैन्ड पे–5700<br>ग्रेड पे–1300<br>डी0ए0–3570<br>10570 का 10% | 1057 | 1057 | 2114 |
| 9/2011 | –यथोपरि– | 1057 | 1057 | 2114 |
| वा0सं0 19<br>माह 10/11 | | | **कुल राशि** | **₹4228** |

19 **(i) बिजली के सामान की खरीद पर एम0आर0पी0 (maximum retail price) से अधिक की दरों पर भुगतान करने पर ₹33200.00 का अधिक भुगतानः–**

नगर परिषद द्वारा निम्न वर्णनानुसार बिजली के सामान की खरीद की गईः–

| बिल नं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 19448 | 10.6.2011 | 277855 |
| 19474 | 14.6.2011 | 73970 |

परिषद द्वारा उपरोक्त सामान आपूर्ति आदेश संख्या 13 एम0सी0एन0डी/2011–1028–31 दिनांक 1.6.2011 के तहत मैसर्ज मल्होत्रा एण्ड कम्पनी मण्डी से खरीदा गया। अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि आपूर्ति आदेश द्वारा बिजली का विभिन्न सामान cromption/PHILIPS/BAJAJ/USRAM मेक का मंगवाया गया था परन्तु बिलों तथा स्टॉक रजिस्टर में कहीं भी यह स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जाता कि खरीदा गया बिजली का सामान किस स्पेसीफिकेशन मेक का है। बिलों में संलग्न कार्यालय नोट में उल्लेखित टिप्पणी के अनुसार सप्लायर द्वारा सारा सामान USRAM मेक का भेजा गया हैं नगर परिषद द्वारा निम्नानुसार OSRAM मेक के सामान में दो मदों पर एम0आर0पी0 से अधिक दरों पर भुगतान करके कुल ₹33200/– का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है। जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त राशि को उचित स्त्रोत से वसूल करके परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये।

| खरीद की मद का विवरण | एम0आर0पी0 की दर | भुगतान की दर | अन्तर | खरीद की मद की मात्रा | अधिक भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| Son open construction heavy duty vpit copper ballast for SVL 250 Watt son Lamp | 1280 | 1735 | 455 | 40 | 18200 |
| S/0 open construction heavy duty vpit metal hilied vapour Lamp 400w son Lamp | 1900 | 2500 | 600 | 25 | 15000 |
| | | **कुल अधिक भुगतान की राशि** | | | **₹33200** |

**(ii)** नगर परिषद मण्डी द्वारा विभिन्न बिजली/स्ट्रीट लाईट का सामान खरीदने हेतु विभिन्न मेक के सामान जैसे कि (ROMPTON/Philps/Bajaj/usram) इत्यादि की आपूर्ति हेतु टैन्डर किये जाते है तथा नगर पालिका द्वारा न्यूनतम दरों पर टैण्डर स्वीकृत किये जाते है परन्तु आमन्त्रित टैन्डरों व स्वीकृत टैण्डर में यह स्पष्ट उल्लेख नही किया जाता कि आपूर्तिकर्ता जिसके पक्ष में न्यूनतम टैण्न्डर स्वीकृत किये जाते है इनमें ROMPTON/Philps/Bajaj/usram में से किस के सामान हेतु न्यूनतम टैण्डर स्वीकृत किये गये है न ही आपूर्ति आदेशों में की किस मेक का सामान आपूर्तिकर्ता आपूर्ति करेगा तथा सम्बन्धित बिलों तथा स्टॉक रजिस्टर में सफेसीफिक मेक का उल्लेख नहीं किया जाता जो जिसके अभाव में यह पुष्टि नहीं की जा सकती की फर्म द्वारा किस मेक के सामान की आपूर्ति की गई है। एक गम्भीर अनियमितता है क्योंकि ROMPTON/Philps/Bajaj/usram के किसी एक प्रकार के उत्पाद में भी दरों में आपस में अन्तर होता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि टैण्डरों में किसी एक प्रकार के मेक के बिजली के सामान की न्यूनतम दरें, बिलों में खरीदे गये स्पेसीफिकेशन मेक (Specification make) के सामान का उल्लेख तथा उसके अनुरूप उसका स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज व खरीदे गए सामान के बिलों को म्यूनीसिपल इन्जीनियर से नियमानुसार सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करें।

**(iii) स्ट्रीट लाईट बिजली बिलों की ₹8.92 करोड़ बकाया राशि के भुगतान हेतु शेषः–**

नगर परिषद मण्डी को अवधि 31.3.2013 तक हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड को स्ट्रीट लाईट बिजली के खपत के बिलो की ₹892776/– (₹ आठ करोड़ बानवे लाख सात हजार सात सौ छहत्तर) की बकाया राशि सरचार्ज सहित भुगतान हेतु शेष है जिसका विवरण संलग्न परिशिष्ट में विस्तार से दिया गया है। इस सन्दर्भ में सुझाव दिया जाता है कि बकाया बिजली के बिलों का प्राथमिकता के तौर पर भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि भविष्य में किसी प्रकार के अधिभार से बचा जा सके।

**20 चिकित्सा प्रतिपूर्ति छात्रों का अधिक भुगतानः–**

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह में भुगतान किये गये चिकित्सा प्रतिपूर्ति छात्रों का निरीक्षण करने पर यह पाया गया कि परिषद द्वारा निम्नानुसार चिकित्सा प्रतिपूर्ति छात्रों का

अदेय/अनियमित भुगतान किया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अधिक भुगतान की राशि की वसूली करके परिषद खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**(क)** निदेशक स्वास्थ्य सेवायें हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालय आदेश संख्या एच0एफ0डब्लयू–एच(11)(7)5/95 दिनांक 18.3.2009 के अनुरूप दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारियों/उनके आश्रितों को आंख के ऑप्रेशन के दौरान इन्तरा आकुलर लैन्स लगाये व उसकी इलाज सहित ₹6500.00 की राशि अथवा वास्तविक व्यय (Actual cost) जो कम होगी की राशि की प्रतिपूर्ति देय होगी। इसके विपरीत श्री देव राज सफाई कर्मचारी को वास्तविक व्यय ₹5250.00 के स्थान पर ₹6500 की राशि का वाऊचर संख्या 59 माह 10/11 द्वारा भुगतान करके ₹1250.00 का अधिक भुगतान किया गया है जिसकी वसूली करके परिषद खाते में जमा करवाई जाए।

**(ख)** चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमों में विनिर्दिष्टित आदेशों के अनुरूप चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा इलाज पूर्ण होने के पश्चात तीन महीनों की अवधि के भीतर भुगतान हेतु दावा पेश किया जाना अपेक्षित है परन्तु श्री ललित कटोच कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अपने पुत्र अरपित कटोच का चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा जो इलाज होने के पश्चात अवधि 3.4.12 तक प्रतिपूर्ति हेतु पेश किया जाना था। समय पर दावा पेश न करने तथा (time barred) होने पर माह 10/11 में ₹270.48 (दो सौ सत्तर रूपये) की राशि का भुगतान नियमित रूप से किया गया जो देय नहीं था। जिस बारे औचित्य स्पष्ट करते हुये अनियमित भुगतान की वसूली की जानी सनिश्चित की जाए।

**21 (i) ₹8033800.00 की राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र आईपी0एच0 मण्डल मंडी से प्राप्त न करनाः–**

